ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 16 जनवरी 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 311


# राजस्थान की 6759 पंचायतों में सरपंचों को बनाया प्रशासक, नोटिफिकेशन जारी




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, स्टेट डेस्क। राजस्थान की 6759 ग्राम पंचायतों के लिए सरकार ने मौजूदा सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त कर दिया है। सरपंचों की सहायता के लिए हर ग्राम पंचायत लेवल पर एक प्रशासकीय कमेटी बनेगी। उपसरपंच और वार्ड पंच मेंबर होंगे। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने सरपंचों को प्रशासक नियुक्त करने और प्रशासनिक समिति बनाने के नोटिफिकेशन जारी किया है। राजस्थान सरकार ने एमपी मॉडल को काम में लिया है। वहां ऐसा प्रयोग हो चुका है। वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत ये सब हो रहा है। राजस्थान में 6759 ग्राम पंचायत का कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो रहा है व कार्यकाल बढाने की लंबे समय से सरपंचों की मांग थी। 31 जनवरी से पहले चुनाव करवाने जरूरी थे ऐसे में सरकार ने अपनी वन स्टेट वन इलेक्शन की नीति लागू करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन का फैसला किया है। पुनर्गठन के बाद ही चुनाव होंगे। जिन पंचायत का कार्यकाल पूरा हो गया है उनमें सरपंच प्रशासक का काम करेंगे लेकिन उन्हें प्रशासनिक समिति से राय लेनी होगी। सभी जिलों के कलेक्टर अपने-अपने इलाके में जिन ग्राम पंचायत का कार्यकाल पूरा हो रहा है। उनमें प्रशासक लगाने और प्रशासनिक समिति बनाने का काम करेंगे। आपको बता दें कि प्रदेश में 11000 से ज्यादा ग्राम पंचायत हैं। वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत सभी पंचायती राज संस्थाओं का एक साथ चुनाव करवाने के लिए प्रशासक लगाने जरूरी थे। 6759 ग्राम पंचायत का कार्यकाल जनवरी में पूरा हो रहा है। 704 पंचायत का कार्यकाल मार्च में में पूरा हो रहा है। 3847 पंचायत का कार्यकाल सितंबर अक्टूबर में पूरा हो रहा है। चुनाव के इस गैप को कम करने के लिए प्रशासक लगाने का फैसला किया है। अब ग्राम विकास अधिकारी क्या करेंगे यह सवाल खडा हो गया है। एक पेंच यह है कि सरपंचों को ग्राम पंचायत का प्रशासक नियुक्त करने की समय सीमा भी अधिसूचना में तय नहीं है। जब तक पंचायत राज चुनाव की घोषणा नहीं होगी। तब तक सरपंच ही प्रशासक के तौर पर काम करते रहेंगे। नई ग्राम पंचायत और पंचायत समितियां के लिए कलेक्टर 20 जनवरी से 18 फरवरी तक कलेक्टर प्रस्ताव तैयार करेंगे।

## ग्राम पंचायत से लेकर पंचायत समितियां और जिला परिषदों का 20 जनवरी से शुरू होगा पुनर्गठन

वहीं, ग्राम पंचायत से लेकर पंचायत समितियां और जिला परिषदों के पुनर्गठन का खाका तैयार हो गया है। प्रदेश में 20 जनवरी से लेकर 15 अप्रैल के बीच पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन का काम होगा। इसमें नई ग्राम पंचायत और पंचायत समितियां बनाने के साथ-साथ मौजूदा पंचायती राज संस्थाओं की सीमाओं में भी बदलाव होगा। इसके लिए जनसंख्या और दूरी के पुराने मापदंडों में इस बार छूट दी गई है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे कार्यों के लिए अब अधिक दूर नहीं जाना पड़ेगा। नई ग्राम पंचायत और पंचायत समितियां के लिए कलेक्टर 20 जनवरी से 18 फरवरी तक कलेक्टर प्रस्ताव तैयार करेंगे।

# केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग बनाने की मंजूरी दी:2026 से लागू होगा



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. केंद्रीय कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा- सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था, इसकी सिफारिशें 2026 तक जारी रहेंगी। 7वां वेतन आयोग (पे-कमीशन) 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था। वेतन आयोग हर 10 साल में लागू किया जाता है। उम्मीद है कि मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और पेंशन बढ़ेगी। इसके अलावा वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) के रॉकेट लॉन्चिंग सेंटर में तीसरा लॉन्च पैड बनाएगी। यह 3985 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस फैसले से न्यू जेनरेशन लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यहां से चंद्रयान और मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशन लॉन्च हुए हैं। 8वें वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स 1.92 के फिटमेंट फैक्टर का इस्तेमाल करके तैयार किया जाएगा। इसे ऐसे समझिए- केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सैलरी के 18 लेवल हैं। लेवल-1 कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 1800 रुपए ग्रेड पे के साथ 18,000 रुपए है। इसे 8वें वेतन आयोग के तहत बढ़ाकर 34,560 रुपए किया जा सकता है। इसी तरह केंद्र सरकार में कैबिनेट सचिव स्तर के अधिकारियों को लेवल-18 के तहत अधिकतम 2.5 लाख रुपए की बेसिक सैलरी मिलती है। यह बढ़कर तकरीबन 4.8 लाख रुपए हो सकती है।


# पाकिस्तान में आर्मी चीफ से मिले PTI चेयरमैन:समझौते के दावे पर इमरान खान बोले- नवाज शरीफ नहीं हूं, सरकार से डील नहीं करूंगा



24 न्यूज अपडेट

इस्लामाबाद. पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी PTI के चीफ गौहर अली खान ने माना है कि उन्होंने सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकात की है। PTI के नेता लगातार इस बात से इनकार कर रहे थे। दरअसल, इमरान खान ने गुरुवार को खुलासा कर दिया कि गौहर और जनरल मुनीर की मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा कि PTI लंबे समय से दूसरे पक्ष को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रही थी। इसके बाद गौहर ने भी माना कि सेना प्रमुख से उनकी मुलाकात हुई। इससे पहले जिओ न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि PTI चीफ को जनरल मुनीर से मिलने के लिए सोमवार को हेलिकॉप्टर से पेशावर ले जाया गया था। जनरल मुनीर पहले से पेशावर में मौजूद थे।इमरान खान ने समझौते को लेकर सोशल मीडिया पर कहा कि वे नवाज शरीफ नहीं हैं कि जेल से बाहर आने के लिए सरकारों से डील करेंगे। इमरान खान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 8 फरवरी को ब्लैक डे मनाने को कहा है। उन्होंने इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर देने को कहा है। पाकिस्तान में 8 फरवरी 2004 को चुनाव हुए थे। इस चुनाव से पहले इमरान खान की पार्टी से 'बैट' चुनाव चिन्ह छीन लिया गया था।

# दावा- मस्क ने इटालियन पत्रकार को ईरानी जेल से छुड़ाया:कानून तोड़ने के आरोप में हुई थी गिरफ्तारी; इटली ने भी ईरान का कैदी छोड़ा



24 न्यूज अपडेट

रोम. ईरान ने पिछले साल दिसंबर में इटली की पत्रकार सेसिलिया साला को ईरानी कानून तोड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क की मदद से सेसिलिया को ईरानी जेल से रिहा करवाया गया।

सेसिलिया की आजादी के बदले इटली ने ईरानी इंजीनियर मोहम्मद अबेदिनी नजफाबादी को रिहा किया। अबेदिनी पर ईरान समर्थित विद्रोही संगठनों को ड्रोन टेक्नोलॉजी देने के आरोप है।


रिपोर्ट के मुताबिक सेसिलिया साला की गिरफ्तार के बाद उनके बॉयफ्रेंड डेनियल रेनेरी ने मदद के लिए इलॉन मस्क से संपर्क किया। इसके बाद मस्क ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थ को रोल निभाया और कैदियों के अदला बदली की डील तय की। हालांकि अभी तक इस डील में मस्क की डायरेक्ट भागीदारी की डिटेल सामने नहीं आई हैं।

## इटली ने पत्रकार की रिहाई के 4 दिन बाद ईरानी कैदी को छोड़ा

19 दिसंबर 2024 के हिरासत में ली गई सेसिलिया 8 जनवरी 2025 को इटली लौट आईं। साला की रिहाई के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मिलोनी ने X पर लिखा- मैं उन सभी का आभार जताना चाहती हूं, जिन्होंने सेसिलिया की वापसी को मुमकिन बनाने में योगदान दिया।

इटालियन पत्रकार की रिहाई के 4 चार दिन बाद ईरानी इंजीनियर को रिहा कर दिया गया। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक इटली और ईरान के बीच आपसी सहयोग की वजह से यह डील पूरी हो पाई।

# सेंसेक्स 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 पर बंद:निफ्टी भी 98 अंक चढ़ा, BSE स्मॉल कैप में 735 अंक की बढ़त रही




24 न्यूज अपडेट

मुंबई.सेंसेक्स आज यानी 16 जनवरी को 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 98 अंक की तेजी रही, ये 23,311 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉल कैप 735 अंक की तेजी के साथ 52,308 के स्तर पर बंद हुआ।


सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 में तेजी और 17 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में PSU बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.55% के बढ़त के साथ बंद हुआ।

आज एशियाई बाजारों में तेजी रही

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.33% की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 1.23% और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.28% की तेजी देखने को मिली। NSE के डेटा के अनुसार, 15 जनवरी को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 4,533 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 3,682 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 15 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 1.65% की तेजी के साथ 43,221 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 1.83% ऊपर 5,949 बंद हुआ। जबकि नैस्डैक इंडेक्स में 2.45% की तेजी रही।

हिंडनबर्ग के बंद होने की खबर से अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेजी अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च बंद होने जा रही है। बुधवार देर रात कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की। इस खबर के बाद आज अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेजी देखने को मिली। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्टों ने भारत के अडाणी ग्रुप और अडाणी इंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था।

# सोना 760 रुपए बढ़कर 79,184 रुपए पर पहुंचा:चांदी 91,784 रुपए प्रति किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 16 जनवरी को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 760 रुपए बढ़कर 79,184 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 78,424 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,234 रुपए बढ़कर 91,784 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 89,550 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। 2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।



## संपादकीय : संदेह की सरहद

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव लंबे समय से है, मगर करीब पांच वर्ष पहले गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिक परस्पर गुत्थमगुत्था हो गए, तबसे तल्खी कुछ अधिक बनी रही है। हालांकि बीते अक्तूबर में दोनों देशों के बीच समझौता हुआ कि वे पूर्वी लद्दाख से अपनी सेनाएं वापस बुलाएंगे और एक-दूसरे के क्षेत्र में अतिक्रमण का प्रयास नहीं करेंगे। उसके बाद रूस के कजान शहर में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में दोनों देशों के प्रमुखों ने फिर से हाथ मिलाया और रणनीतिक मुद्दों पर अलग से बातचीत की। इससे दुनिया को यही संदेश गया कि भारत और चीन के रिश्तों में आई कड़वाहट अब दूर हो गई है और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव की स्थितियां फिर नहीं बनेंगी। मगर सेना दिवस से दो दिन पहले और फिर सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना प्रमुख ने जिस तरह वास्तविक नियंत्रण रेखा की हकीकत बयान की, उससे यही जाहिर हुआ है कि भारत अब भी चीन को लेकर सतर्क है। सेना प्रमुख ने कहा कि वहां स्थिति अभी संवेदनशील है और कुछ मसलों पर गतिरोध बरकरार है, जिस पर बैठ कर व्यापक समझ बनाने की जरूरत है। दरअसल, चीन का कोई भी कदम संदेह से परे नहीं होता। उसने जिस तरह लद्दाख से सेनाओं की वापसी पर सहमति जताई और फिर उस इलाके में निर्माण कार्य शुरू किए, उससे जाहिर है कि वह अपनी रणनीति पर पीछे हटने को तैयार नहीं। टकराव से बचने के लिए अब भी उस क्षेत्र में सैनिकों की गश्त पर अस्थायी रोक है। अब इस बात के भी पुख्ता प्रमाण हैं कि 2020 में हुए सैन्य टकराव के बाद चीन ने भारतीय अधिकार वाले क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया और कुछ जगहों पर गांव और प्रशासनिक इकाइयां बसा दीं। वहां उसने बड़ी मात्रा में आयुध सामग्री जमा कर रखी है। ऐसी स्थिति में भारतीय सेना के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने अतिरिक्त सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला करना कठिन बना हुआ है। चीन ऐसी चालें चलता रहता है कि वह जिन मुद्दों पर समझौता करता है, उन्हीं के विरुद्ध कदम भी उठाता रहता है। ऐसे में भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहती। सेना प्रमुख ने कहा कि ऐसी स्थिति में हमें विश्वास बहाली को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है। यह अच्छी बात है कि सेना प्रमुख ने वास्तविकता को सार्वजनिक रूप से स्वीकार और बड़ी साफगोई से अपनी रणनीति का इजहार किया। वास्तविक नियंत्रण रेखा की हकीकत पर प्रायः पर्दा डालते देखा जाता रहा है, मगर सेना प्रमुख ने ऐसा नहीं किया। मगर वहां जिन क्षेत्रों में स्थिति संवेदनशील बताई और चीन के अतिक्रमण को रेखांकित किया जा रहा है, उसमें केवल दोनों तरफ की सेनाओं के अधिकारियों के बीच बैठकों और बातचीत के सिलसिले से कोई स्थायी समाधान की उम्मीद शायद ही बने। इसके लिए राजनीतिक स्तर पर प्रयास करने होंगे, जो कि अभी तक अवरुद्ध ही नजर आ रहे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन के बाद दोनों देशों के राजनीतिक रिश्तों में वैसी गर्मी नहीं लौट पाई है, जिसके आधार पर कहा जा सके कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कोई स्थायी समाधान निकल पाएगा। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने होंगे अच्छी बात है कि इसे लेकर भारतीय सेना सतर्क है, पर संजीदा राजनीतिक प्रयासों से उसे और ताकत मिलेगी।

## महंगाई का बोझ

थोक महंगाई दर ने एक बार फिर झटका दिया है। महंगाई पर काबू पाना पहले से कठिन बना हुआ है। थोक महंगाई के ताजा आंकड़े ने आर्थिक प्रबंधकों की बेचैनी बढ़ा दी है। इससे उत्पादकों पर दबाव बढ़ा है। यह कम चिंता की बात नहीं है कि तमाम प्रयासों के बावजूद डालर के मुकाबले रुपया लगातार गिर रहा है। वहीं उपभोक्ताओं की क्रयशक्ति पहले से कहीं अधिक कम हो गई है। लिहाजा, बाजारों में वैसी रौनक नहीं, जैसी अपेक्षा व्यवसायी करते रहे हैं। ऐसे में महंगाई दर का बढ़ना अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता। पिछले वर्ष अप्रैल से लेकर दिसंबर तक के आंकड़ों से पता चलता है कि महंगाई दबे पांव बढ़ती चली गई है। खाने-पीने की चीजों के दामों में थोड़ी-बहुत नरमी बीच-बीच में जरूर दिखती रही, लेकिन ईंधन, विनिर्मित उत्पाद और गैर-खाद्य वस्तुओं के मूल्य जिस तरह बढ़े हैं, उसे थामा नहीं जा सका। काफी समय से उत्पादन क्षेत्र की रफ्तार सुस्त बने रहने का असर है कि थोक महंगाई बढ़ी है। थोक भाव अधिक समय तक ऊंचा बने रहने से उत्पादों की बढ़ी कीमतों का बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। खुदरा महंगाई में मामूली गिरावट से भी राहत मिलने की उम्मीद कम है। हालांकि यह चार महीने के निचले स्तर पर है। बीते वर्ष नवंबर में यह 5.48 फीसद थी, जो दिसंबर में 5.22 फीसद पर आ गई। जबकि यही दर अगस्त में 3.65 फीसद थी। इस लिहाज से ताजा गिरावट को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। इन सभी आंकड़ों के आधार पर मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दरें कम करने की स्थिति में आएगी, इसमें संदेह है। बावजूद इसके, मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि समिति की अगली बैठक में काफी दबाव रहेगा। आशंका है कि थोक महंगाई बढ़ने का असर कहीं खुदरा महंगाई पर न दिखाई दे। इसमें कोई दो मत नहीं कि सरकार के ताजा आंकड़े से हर उपभोक्ता की चिंता बढ़ गई है, जो अभी बहुत मुश्किल से घर चला रहा है। फिलहाल महंगाई में स्थिरता की उम्मीद तो नहीं नजर आ रही पर इसे सहनशील स्तर पर लाने का प्रयास होना चाहिए।


# मौत की फिटिंग : जेल में 20 फीट की ऊंचाई से गिरे कैदी की मौत



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिला जेल में लाइट फिटिंग का काम कर रहे एक कैदी की 20 फीट की ऊंचाई से गिरने से मौत की खबर आई है। गंभीर रूप से घायल होने के बाद इस कैदी को जेल एम्बुलेंस से अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में 2023 से सांवरमल (37) पुत्र प्रह्लाद ओझा सजा काट रहा था। कुछ दिनों से उसको जेल में लाइट-पानी को सुधारने का जिम्मा दे रखा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे यह हादसा अचानक हो गया। बताया गया कि दोपहर जब लाइट में गडबडी हुई व बंद हो गई तो उसको जांचने के लिए सांवरमल सीढ़ी लेकर उपर चढ़ गया। सीढ़ी को स्टाफ ने पकड़ रखा था। इस दौरान अचानक सांवरमल को करंट लगा गया या उसका पैर फिसल गया। 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। सांवरमल सिर के बल नीचे आ गिरा व उसको गंभीर चोट लगी। तुरंत जेल स्टाफ और एंबुलेंस के साथ उसे लेकर अस्पताल दौड़े। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# रॉयल और जेंटलमैन छवि वाले सीटीएई के प्रोफेसर नवीन चौधरी ने मौत को गले लगाया, डिप्रेशन में थे



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर के सीटीएई कॉलेज से आज चौंकाने वाली खबर आई। कॉलेज के जैंटलमैन, रॉयल और मिलनसार छवि वाले प्रोफेसर नवीन चौधरी ने अपने ही चेम्बर में सुबह नौकरी पर आते ही मौत को गले लगा लिया। प्रोफसर चौधरी कुछ समय से बीमार थे। बताया गया कि पाइल्स के ऑपरेशन के बाद से उनकी तबीयत ज्यादा खराब रहने लगी थी और वे डिप्रेशन में भी बताए जा रहे थे। उन्होंने अपनी कलीग से हाल ही में कहा था कि मेरा शरीर उपर से ठीक लग रहा है लेकिन अंदर से खत्म हो चुका है। इस पर कलीग ने उन्हें सांत्वना दी व कहा कि हिम्मत बनाए रखें आप जरूर जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे। बताया गया कि सुबह ऑफिस आवर्स में बजे उनके एक कलीग ने जब उनको आवाज लगाई तो जवाब नहीं आया व चेम्बर भी बंद था। झांक कर देखा तो फंदे से लटक रहे थे। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को उतारा व पोस्टमार्टम के लिए ले गए। सीटीएई के प्रोफेसर नवीन चौधरी की असमायिक मौत के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर छा गई। 24 न्यूज अपडेट को मिली जानकारी के अनुसार वे कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के हेड भी रहे हालांकि वर्तमान में वे हैड के पद पर नहीं थे। वे काफी एक्टिव मिलनसार और स्टूडेंट के चहेते व हार्ड वर्कर थे। उनके परिवार में पत्नी और बेटा है। बताया जा रहा है कि उनका पहली पत्नी से डाइवोर्स हो गया था। पुलिस को प्रेसनोट मिला है मगर उसमें क्या लिखा है यह अभी जांच की जा रही है व सार्वजनिक नहीं किया गया है। वे प्रतापनगर इलाके में स्क्वायर हाइट में रहते थे। 24 न्यूज अपडेट को मिली जानकारी के अनुसार उनके साथियों ने बताया कि कोई आर्थिक परेशानी भी नहीं थी। बेटा मुंबई में जॉब करता है। बताया जा रहा है कि मृतक नवीन चौधरी जोधपुर के रहने वाले है और उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर था सुसाइड नोट के बाद अब पुलिस भी परिजनों से भी पूछताछ कर रही है साथ ही परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# सरकार बदलते ही विजिलेंस को दिख गई पोल-पट्टी, विधायक बामनिया के पुत्र, गढ़ी उप प्रधान सहित 4 पर 20.3 करोड़ की पेनल्टी, अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। राजनेता यूं ही मालदार नहीं बन जाते हैं। वे अपने संपर्को का खुद का पॉलिटिकल इकोनॉमी को मजबूत करने में इस्तेमाल करते हैं। जब भी मौका मिलता है वो लाभ लेने से नहीं चूकते। लेकिन सरकार बदलते ही कई बार उनके कारनामे सामने आ जाते हैं और पेनल्टी लगाई जाती है। मजे की बात है कि तब तक अफसर ही नहीं कार्रवाई करने वाली विजिलेंस टीम भी गहरी नींद में सोती रहती है और उस आर्थिक इमदाद का हिस्सा बन जाती है जो पूरे सिस्टम को सुन्न कर देती है। कार्रवाई होने पर भी अफसरों पर कोई भी सरकार कार्रवाई नहीं करती है क्योंकि सबकी पोल पट्टी उनके पास होती है। बांसवाडा में जिले के 4 खदान मालिकों की ओर से क्वार्ट्ज मिनरल की खदानों के रवन्ना खनन माफिया को बेचकर फर्जीवाड़ा का मामला खुला है। इसमें 4 खदानों से जितने रवन्ना जारी हुए और मिनरल डिस्पेच हुआ, उतनी मात्रा में मिनरल खदानों से निकाला ही नहीं गया। खदान मालिकों ने रवन्ना दूसरों को बेच दिए और दूसरे लोगों ने सरकारी या वन विभाग की जमीन पर अवैध खनन करके क्वार्ट्स निकाल कर माल कमा लिया। हालांकि यह सब कई बरसों से होता आ रहा है। इसमें बडे स्तर पर मिलीभगत भी होती रही है। अब खनिज विभाग जयपुर की विजिलेंस टीम की जांच की तो पता चला कि 1.46 लाख टन मिनरल का अंतर है। बांसवाड़ा खनिज अभियंता कार्यालय ने 20.3 करोड़ की पेनल्टी लगाई है। खानों को बंद करवा दिया। अब निरस्त करने का प्रस्ताव खान एवं भू-विज्ञान विभाग के उदयपुर निदेशालय के पास आया है। बताया जा रहा है कि सरकारी नियमानुसार क्वार्ट्ज मिनरल की रॉयल्टी 135 रुपए प्रति टन है। रवन्ना का दुरुपयोग मिलने पर 10 गुना पेनल्टी लगती है। बांसवाडा में क्वार्ट्ज मिनरल की 4 खदानें हैं और चारों बंद हो गई हैं। इन 4 खदानों में से एक बांसवाड़ा से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्जुन बामनिया के पुत्र तपेश के नाम बागीदौरा के राखो गांव में है। गांगड़तलाई स्थित लक्ष्मण लाल भील की खदान का असली मालिक राजसमंद का चंपालाल गुर्जर है। मेवाड़ कंस्ट्रक्शन खदान अरथूना तहसील के वकतपुरा गांव में है। इसका मालिक गढ़ी के उप प्रधान कांग्रेसी नेता दशरथ सिंह वाघेला है। वर्द्धमान मिनरल सामागड़ा गांव में है। चारों में से एक खदान 4 साल, एक 2 साल और दो एक-एक साल पहले ही शुरू हुई थी। इन्होंने बड़ी संख्या में रवन्ना बेचे। सवाल ये उठता है कि इतना बड़ा घपला था तो अफसर क्या कर रहे थे, विजिलेंस टीम क्या कर रही थी। उसकीं आंखें बंद थीं या कर दी गई थी।

# भूपालपुरा में चाकूबाजी, बचाव में आए किराएदार को भी मारा चाकू



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में आज सुबह चाकूबाजी हो गई। इसमें रावजी हाटा निवासी उदित औदिच्य ने सुभाष नगर स्थित प्रताप सिंह के घर जाकर हंगामा किया व उसके बाद उस घर में मौजूद किराए दार पर चाकू वार किया गया। बताया जा रहा है कि हरीश बुनकर ने उसे समझाने का प्रयास किया तो उदित ने उसी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गया। इस बीच उदित को भी चोटें आई उसके बाद दोनों को महाराणा भूपाल चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। दोनों का उपचार किया गया है व उसके बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने जांच के बाद उदित को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# पेपर कप के होलसेल बिजनेस के बहाने लाखों की ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। पेपर कप बिजनेस के नाम पर लोगों से लाखों की ऑनलाइन ठगी करने वाला एक गिरोह पकडा गया है। पुलिसने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया वेबसाइट पर होलसेल रेट पर डिस्पोजल पेपर कप बेचने का लोगों को झांसा देते व उनसे ऑर्डर मंगवाते। उसके बाद लाखों रुपए की ठगी कर सिम बंद कर देते थे। पुलिस ने 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ प्रतिबिंब पोर्टल पर शिकायत की गई थी जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि इनसे 7 मोबाइल और 4 सिम कार्ड बरामद किए गए। पूछताछ में पश्चिम बंगाल, बिहार सहित अन्य राज्यों से पीडितों से लाखों रुपए की ठगी करना स्वीकारा है। पुलिस ने काशी विहार कॉलोनी मकान नंबर 42 पर दबिश दी। राजवीर सिंह व नरेन्द्र सिंह से 7 मोबाइल फोन व 4 सिम कार्ड बरामद किए गए। राजवीर सिंह पिता भवानी सिंह खंगारोत (30)निवासी भीलवाड़ा नरेंद्र सिंह पिता भगवान सिंह शाखावत (30) निवासी भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। दोनों फेसबुक पर पोस्ट एवं स्टोरी डालते थे व हॉलसेल रेट पर डिस्पोजल पेपर कप कम कीमत में उपलब्ध होने का झांसा देते थे। इन्होंने फर्जी डॉक्यूमेंट से मोबाइल सिम ले ली व उसका इस्तेमाल कर रहे थे। अब तक ये पश्चिम बंगाल, बिहार सहित अन्य राज्यों से पीड़ितों से लाखों रुपए की ठगी कर चुके हैं।

# साथ में बैठ दारू पी, दोस्त रोटी खाने लगा तो कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा ब्यूरो। लयजी पिता होमजी निनामा उम्र 40 वर्ष निवासी कोहाला थाना गढी बांसवाडा ने रिपोर्ट दी थी कि उसके छोटे भाई हिरजी उम्र 35 वर्ष जो उससे अलग रहता है। उसकी पत्नी की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। उसका भाई सेकारापाता बस्ती में प्रकाश पिता लक्ष्मण हिंडोर के वहां रहता था, जो कभी-कभी घर पर आता था। 11 जनवरी को को सुबह करीब 8:30 बजे उसको राजेश पिता देवा निनामा ने बताया कि हिरजी की मृत्यु हो गई है। उसकी लाश शांति के घर के अंदर पड़ी है। फिर यह उसके घरवालों एवं कोहाला गाव के सरपंच मुकेशजी चरपोटा के साथ में शांति के घर पर गये।घर का दरवाजा बंद होकर सांकल लगी हुई थी। उन्होंने सांकल बोली और हम घर के अंदर गये तो पीछे वाले कमरे के एक कोने में उसके भाई की लाश पड़ी थी, सिर से खून निकला हुआ था। मुझे पता चला कि कल शाम को समय करीब 8 बजे मेरा भाई हिरजी, राजू व प्रकाश तीनों साथ में थे जो राजू के घर की तरफ जा रहे थे। मुझे शक है कि मेरे भाई को राजू व प्रकाश ने मिलकर मारा है।



# तबादले की डर्टी पिक्चर : कोई पड़ा पांव, किसी ने घिसी जूतियां, कहीं चला मनी पावर, नेताओं की वजह से चरमराई व्यवस्थाएं




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर। किसी ने जूतियां घिसी, कोई पांव में पड़ा, किसी ने सेटिंग बिठा कर आर्थिक जुगाड़ कर लिया तो कोई इतना हाई पावर जेक लेकर आ गया कि नेताजी मना नहीं कर सके। तबादलों के मानसून ने पूरे प्रशासनिक ढांचे की पोल खोल कर रख दी। यह साबित हो गया कि पूरा प्रशासन नेताओं की मंजूरी का मोहताज है। सिर्फ एक ही सिस्टम पूरे सिस्टम को चलता है और वो है नेताजी का पावर सिस्टम। नेताजी के यहां पिछले 15 दिन से इस दौरान ऐसा मेला लगा कि क्या कानून की रक्षा करने वाले और क्या टेबल के नीचे सरकार कर मुट्ठी गर्म करने वाले, सब के सब मनचाही पोस्टिंग के लिए नतमस्तक नजर आए। रोज पगफेरे किए, मनुहार करते हुए वो सब किया जो तबादलों के लिए जरूरी था। डिजायर का अमृत प्राप्त करने की चाहत में इस दौरान छुटभैयों से लेकर मुखौटाधारी सफेदपोशों तक की शरण में जाना पड़ गया। एमपी याने कि मनी पावर उन सब पर भारी पड़ गया। हालत ये हो गईं कि तबादले की लिस्टें खुद नेताओं के चेलों ने अपने यहां से मीडिया को शेयर की। और एक बार फिर साबित हो गया कि सरकारें बदलने से कुछ नहीं होता, नीचे का सिस्टम वैसे ही काम करता है। राजस्थान में आधी रात से ट्रांसफर पर बैन लगने के बाद अब यह चर्चा है कि कौन किसके जैक जुगाड और किरपा के बलबूते किसी पद पर पहुंचा है। कौन नाराजगी के कारण जिलाबदर हो गया है तो कौन बरसों से ठंडे बस्ते में बंद होकर अब गर्माहट और कमाई वाले पद पर आया है। कुछ मालदार अब भी सदाबहार अपने पद पर कायम हैं क्योंकि समय पर पर आर्थिक ब्रेकफास्ट करवाने वाले गुप्त सिस्टम का हिस्सा है। जो वास्तव में तबादलों के तलबगार थे उनके अरमां दिल में ही रह गए। नेताजी की डिजायर के लिए उचित जुगाड़ बहुत दौड़भाग के बाद भी नहीं हो पाया। नेताजी के रिश्तेदारों से लेकर उनके कर्मचारियों और छोटे से छोटे कार्यकर्ता के हाथ जोड़ लिए मगर पत्ता भी नहीं हिला पाए। अब लिस्टें आने के बाद उनकी मायूसी इस हद तक है कि बिना जैक का आदमी होने का लेबल चस्पा हो गया है। अनुमान है कि 20 हजार से ज्यादा तबादले किए गए हैं। कल बेकडेट में तबादलों का खेल शुरू हो गया जो आगामी कई दिनों तक जारी रहेगा। परीक्षा की तारीख आगे नहीं बढ़ती, एक मिनट की चूक से नौकरी का फार्म नहीं भर सकते, कई जगह पेनल्टी देनी पडती है लेकिन यहां पर बेकडेट के आनंद ही आनंद हो रहे हैं। कई विभागों में बैक डेट में हुए तबादलों की लिस्टें अवतिरत होकर चौंका रही है। आपको बता दें कि अभी शिक्षा विभाग को तबादलों से महरूम रखा गया है। इसका पिटारा कब खुलेगा यह तो सरकार ही जानें लेकिन मास्टरजी से भेदभाव क्यों हुआ यह चर्चा का विषय जरूर है। वे भी इस महा-कवायाद में शामिल होते तो हो सकता है कि तबादला अर्थशास्त्र को और अधिक मजबूती मिलती। बताया जा रहा है कि मेडिकल, बिजली, जलदाय, पंचायती राज और ग्रामीण विकास में सबसे ज्यादा कर्मचारी होने तबादले हुए हैं। तबादलों में सत्ताधारी पार्टी के नेताओं और विधायकों की सबसे ज्यादा चली है। उनकी डिजायर ही काम आई है।

## कामकाज पूरी तरह से ठप

तबादलों के चलते सचिवालय से लेकर ग्राम पंचायत तक अंधी दौड़ रहीं। सरकारी तंत्र पूरी तरह से तबदालों में मग्न हो गया। कामकाज लगभग ठप हो गए। जन प्रतिनिधियों के यहां पर ब्यूरोक्रसी घुटना टेक मुद्रा में तैनात रही। अंतिम दौर में तो हालत यह हो गई कि नेताओं ने दफ्तर में बैठना बंद कर दिया व अज्ञात वास में चले गए। बताया जा रहा है कि सरकारी विभागों में मांग की तुलना में कम संख्या में तबादले हुए हैं। अब फिर से बैन हटाने की मांग हो रही है। बताया जा रहा है कि अब तबादलों का मानसून मई या जून में आएगा।

## तबादला नीति नहीं होना चिंताजनक

राज्य में परफॉरमेंस के आधार पर नहीं, नेताओं की सिफारिशों या डिजायर के आधार पर तबादले होना चिंताजनक है। इस पूरे तंत्र में ऐसा जंग लग चुका है कि इससे कामकाज पर असर हो रहा है। नेताओं को उनके यसमैन चाहिए जो उनके कहने भर से उनके जुगाड वाले काम कर दें और एक ऐसा अर्थतंत्र बिठा दें जिससे समय समय पर लाभ का गणित बैठता रहे। डिजायर के लिए उन स्वाभिमानी लोगों को भी नेताओं के आगे झुकना पडा जो नौकरी में अपने उसूलों से कभी समझौता नहीं करना चाहते हैं। काम सरकारी कर्मचारी सरकार के लिए कर रहा है और चाकरी नेताओं की करनी पड़ रही है यह कहां का उसूल है। तबादला उत्सव ने यह बता दिया कि पूरा सिस्टम ही नेताओं के चरणों में है। ऐसे में वो सिस्टम आम आदमी के लिए कैसे काम करेगा, यह सोचने की बात है। जिसने जैक जुगाड लगा कर तबादला करवा लिया है वो उसी नेता की बात मानेगा जिसने तबादला करवाया है। ऐसे में वोट देकर नेता चुनने वाला खुद को ठगा हुआ अनुभव कर रहा है। यह सडी गली व्यवस्था बदलनी चाहिए तथा तबादले की सुनियोजित नीति बननी चाहिए।

# राजस्थान के कौनसे गैंगस्टर की पत्नी हुई इटली से गिरफ्तार



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। एजीटीएफ टीम ने गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय बदमाश अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर (26) को अरेस्ट किया है वह भी इटली से। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) राजस्थान ने बुधवार को इटली के ट्रेपानी शहर से दबिश देकर लोकल पुलिस की मदद से उसको पकड़वाया। यह महिला अपने पति की मदद से टूरिस्ट वीजा पर देश से भाग गई थी। महिला सुधा कंवर पर बिजनेसमैन को धमकाने, फायरिंग करवाने सहित कई आरोप हैं। राजू ठेहट हत्याकांड में भी नाम आया था। एडीजी दिनेश एमएन ने मीडिया से कहा किएंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय बदमाश अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर (26) निवासी बीछवाल बीकानेर को गिरफ्तार करवाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर एजीटीएफ टीम ने कार्रवाई करवाई है। इटली की लोकल पुलिस के जरिए बुधवार को ट्रेपानी शहर के सिसली इलाके में दबिश देकर सुधा कंवर को पकड़ा गया। गैंगस्टर अमरजीत विश्नोई और उसकी पत्नी सुधा कंवर व्यापारियों को धमकी भरे कॉल कर जबरन वसूली करते हैं। वसूली के रुपए नहीं मिलने पर गैंग के बदमाश पीड़ित बिजनेसमैन और उसके परिवार पर गोलीबारी तक करते हैं। सुधा कंवर का पति अमरजीत विश्नोई रोहित गोदारा और गिरोह के अन्य सदस्यों के लिए 'डब्बा कॉल' की व्यवस्था करता था। अमरजीत को एजीटीएफ की सूचना पर पिछले साल 8 जुलाई को इटली में स्थानीय पुलिस के जरिए गिरफ्तार किया जा चुका है। गैंगस्टर अमरजीत की पत्नी सुधा कंवर (26) मूलतः मेड़ता सिटी (नागौर) की रहने वाली है। पहले पति से तलाक होने के बाद इसने अमरजीत विश्नोई के साथ शादी की थी और अपराध की दुनिया में शामिल होकर पति का साथ देने लगी। 3 दिसंबर 2022 को गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकांड के शूटरों में से मनीष उर्फ बच्चिया को सुधा कंवर ने रुपए ट्रांसफर कर और हथियार उपलब्ध करवाकर मदद की थी। पुलिस ने 5 फरवरी 2023 को मामले में सुधा कंवर को अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। जेल से छूटते ही भागी विदेश आपको बता दें कि कोर्ट से जमानत मिलने पर सुधा कंवर जेल से बाहर आ गई थी। सुधा कंवर को पति अमरजीत ने उसको विदेश भेज दिया। 10 अक्टूबर 2023 को टूरिस्ट वीजा पर शारजाह के रास्ते सुधा कंवर इटली पहुंच गई तो इंटरपोल के रडार पर आ गई। रेड नोटिस जारी किया गया। इटली के सिसली में लोकल पुलिस ने सुधा कंवर को अरेस्ट कर लिया।

# पर्वतारोही नीरज चौधरी को राजस्थान स्टेट इलेक्शन आइकॉन घोषित किया



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान के ख्यातनाम पर्वतारोही और जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता नीरज चौधरी को निर्वाचन विभाग, राजस्थान का 'स्टेट आइकॉन' घोषित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने चौधरी को स्टेट आइकॉन घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुरुवार को चौधरी को इस आशय का प्रमाण पत्र सौंपा। महाजन ने बताया कि चौधरी निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित की जाने वाले विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों में स्टेट आइकॉन के रूप में भागीदारी करेंगे। वह विभाग द्वारा लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए नई पीढ़ी को आगे लाने के उद्देश्य की प्राप्ति में सहयोग करेंगे। इसके लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित होने वाली जागरूकता गतिविधियों में शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चौधरी को राज्य और देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। विभाग ने चौधरी के अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के 7 खिलाडियों एवं एक सामाजिक कार्यकर्ता को स्टेट आइकॉन बनाया है। चौधरी ने इस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन का आभार जताया और विभाग की जागरूकता गतिविधियों में पूरा सक्रिय सहयोग देने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

# राजस्थान की इन तीन यूनिवर्सिटी के पीएचडी कोर्स पर बैन




24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। यूजीसी की ओर से आज एक बडा कदम उठाते हुए राजस्थान की 3 यूनिवर्सिटी में पीएचडी के कोर्स पर बैन लगा दिया है। यूजीसी ने स्टूडेंट्स को पीएचडी कोर्स के लिए यूनिवर्सिटी में एडमिशन नहीं लेने की अपील की। यूजीसी से नोटिस जारी करके बताया है कि ओपीजेएस यूनिवर्सिटी (चूरू), सनराइज यूनिवर्सिटी (अलवर) और सिंघानिया यूनिवर्सिटी (झुंझुनूं) को बैन किया है। इन पर यूजीसी ने पीएचडी नियमों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया है। तीनों यूनिवर्सिटी को नोटिस दे दिया गया था व उनका जवाब संतोष प्रद नहीं पाया गया। स्टेंडिंग कमेटी ने तीनों यूनिवर्सिटी में पीएचडी के कोर्स पर बैन लगा दिया। 5 साल के लिए प्रतिबंध लागू रहेगा। स्टेंडिंग कमेटी की सिफारिश पर यूजीसी ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक के लिए पीएचडी पर बैन लगाया है। विश्वविद्यालयों प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से पीएच.डी. छात्रों का नामांकन बंद करने का निर्देश दिए है। चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी और अलवर की सनराइज यूनिवर्सिटी भी बैन वालों में शामिल है। करीब 6 महीने इनकी फर्जी डिग्री की बात सामने आई थी। ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह (55) और सनराइज यूनिवर्सिटी के संचालक जितेन्द्र यादव (38) गिरफ्तार हुए थे।

# सैफ अली खान पर घर में घुसकर हमला:चाकू से 6 वार किए, एक करोड़ रुपए की डिमांड की थी; संदिग्ध की तस्वीर सामने आई




24 न्यूज़ अपडेट

मुंबई बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध शख्स की पहली तस्वीर सामने आई है। वह रात ढाई बजे छठी फ्लोर पर नीचे उतरता दिखा। मुंबई पुलिस के DCP गेदाम दीक्षित ने बताया कि हमलावर सीढ़ियों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ और हमले के बाद सीढ़ियों से ही भागा। एक्टर पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया था। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे हुई।इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। घायल सैफ को रात में ही लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया था। लीलावती अस्पताल के COO डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है। एक्टर के बाएं हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी। इनकी प्लास्टिक सर्जरी की गई है। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## संदिग्ध शख्स रात 2 बजकर 33 मिनट पर सीढ़ी से नीचे उतरता दिखा

ये घटना सैफ-करीना के बच्चों तैमूर-जेह के कमरे की है। कमरे में उनकी हाउसकीपर अरियामा फिलिप उर्फ लीमा मौजूद थी, जिसे एक अज्ञात शख्स ने पकड़ लिया। उनकी चीखने की आवाज सुनकर सैफ बच्चों के कमरे में पहुंचे थे। सैफ को देखते ही अज्ञात शख्स ने उन पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान घायल हुई हाउसकीपर को भी लीलावती अस्पताल ले जाया गया है।

## मेड ने बताया- हमलावर ने नैनी से एक करोड़ की मांग की

पुलिस ने बताया कि सैफ के घर से 3 हाउस मेड को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन ले गई। इस दौरान, हाउस मेड ने पुलिस को बताया कि उसे बाथरूम के पास अचानक कोई परछाई नजर आई उसे लगा कि करीना शायद अपने छोटे बेटे को देखने आए होगी, लेकिन उन्हें बाद में शक हुआ तो वह आगे गई। अचानक एक व्यक्ति ने महिला के ऊपर हमला कर दिया और धारदार हथियार दिखाते हुए चुप रहने के लिए कहा।

# 5 लाख उधार लिए, चेक बाउंस हुआ, अब चुकाने होंगे 8 लाख, 1 साल की कैद भी




24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट, बेगूं। एसीजेएम कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में दोषी को कड़ी सजा दी है। न्यायाधीश डॉ. पीयूष जैलिया ने आरोपी घनश्याम सिंधी को एक साल का साधारण कारावास और 8 लाख रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो एक महीने का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। बताया गया कि वर्ष 2018 में घनश्याम सिंधी ने बेगूं निवासी रमेश चंद्र कोली से 5 लाख रुपये उधार लिए थे। भुगतान के लिए दिए गए चेक के बाउंस होने पर पीड़ित रमेश चंद्र ने न्यायालय में मामला दर्ज कराया। पीड़ित पक्ष की ओर से एडवोकेट भोलेश भट्ट और मोहम्मद एतमाद अजमेरी ने मामले की पैरवी की। न्यायालय ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार दिया और यह फैसला सुनाया।

# दिल्ली से आई टीम ने बांसवाड़ा हवाई-पट्टी का लिया जायजा

## फ्लाइंग ट्रेनिंग सेंटर शुरू होगा; राइजिंग राजस्थान समिट में हुआ था करार



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में रेलवे और हवाई कनेक्टिविटी नहीं है, लेकिन जिले के युवा अब हवाई जहाज उड़ाना सीख सकेंगे। वह भी अपने ही जिले में। राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान के तहत एविएशन कंपनी से एमओयू किया था। इसी के तहत बांसवाड़ा में फ्लाइंग ट्रेनिंग सेंटर खुलेगा। इसके लिए दिल्ली की अव्याना एविएशन कंपनी की टीम बांसवाड़ा पहुंची। ट्रेनिंग सेंटर के लिए फिजिबिलिटी की जांच की जा रही है। राइजिंग राजस्थान के तहत बांसवाड़ा जिले की तलवाड़ा हवाई पट्टी पर फ्लाइंग ट्रेनिंग सेंटर के लिए की राज्य स्तरीय अनुबंध के बाद अव्याना एविएशन दिल्ली की टीम तलवाड़ा हवाई पट्टी पहुंची। 5 एयरक्राफ्ट में पायलट के साथ आई टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्वे किया। सर्वे के बाद रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी। इसके बाद आगामी निर्णय किए जाएंगे।

तलवाड़ा हवाईपट्टी की धरातलीय स्थिति देखी है

टीम ने प्रशासन से भी सेंटर के लिए आवश्यकता से अवगत कराया है। दिल्ली की टीम ने शार्दुल एस. भार्गवी के साथ तलवाड़ा हवाई पट्टी का एक साथ पांच एयरक्राफ्ट की लैंडिंग, टेक ऑफ, लंबाई- चौड़ाई, हैंगर के लिए उचित स्थान आदि के बारे में सर्वे किया। एविएशन कंपनी के सदस्यों ने कई तकनीकी पहलुओं की भी जांच की है।

इसी कंपनी ने हाल में ही प्रतापगढ़ को भी चिह्नित किया था लेकिन वहां हवाई पट्टी की चारदीवारी नहीं है। ऐसे में बांसवाड़ा हवाई पट्टी पर ही ट्रेनिंग सेंटर खुलने की संभावना है।

कलेक्टर इंद्रजीत यादव ने बताया- तलवाड़ा हुई पट्टी पर फ्लाइंग ट्रेनिंग के लिए एमओयू हुआ है। इसके लिए टीम ने धरातलीय स्थिति देखी है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा और जिले को लाभ होगा। पट्टी पर खाली जमीन पड़ी है। उसके पास हैंगर बनाया जाएगा। कोर्ट के अंदर खाली जमीन पर बंकर बनाया जाएगा। पायलट के लिए का स्थान भी चयन कर किया जाएगा।

### नहर अंडरग्राउंड करने, बिजली लाइन हटाने के सुझाव दिए

सर्वे टीम ने कुछ तकनीकी सुधार के भी सुझाव दिए। इनमें बिजली की एलटी लाइन हटाने, हवाई पट्टी के नजदीक नहर को अंडर ग्राउंड करने, नजदीक स्थित पहाड़ी के पेड़ों की छंगाई जैसे काम शामिल हैं। अभी हवाई पट्टी पर सिर्फ वीआईपी सुविधा के लिए चौपर और एयरक्राफ्ट लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा मिल रही है।

इस पट्टी पर घरेलू उड़ानों के संचालन की लंबे समय से मांग चल रही है। ऐसे में फ्लाइट ट्रेनिंग सेंटर खुलने से हवाई पट्टी का विकास भी होगा और घरेलू उड़ानों के संचालन में भी काफी मदद मिलेगी।

# मेवाड़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से अभिभूत हुई भूटान की महारानी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 16 जनवरी। भूटान की महारानी (हं मजेस्टी) आशी शेरिंग यांगदोएन वांग्चुक गुरूवार को दो दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंची। उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने बताया कि उदयपुर आगमन पर भूटान की महारानी और उनके दल का मेवाड़ी परंपरा के तहत स्वागत किया गया। सिटी पैलेस में क्रिस्टल गैलेरी का अवलोकन किया। इस दौरान मेवाड़ की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से रूबरू होते हुए काफी अभिभूत नजर आई। उन्होंने जगदीश मंदिर पहुंच कर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वहां चल रहे भजन-कीर्तन को भी काफी देर तक सुना तथा प्रसन्नता व्यक्त की। मंदिर के पुजारी ने उनका बहुमान किया। उन्होंने जगदीश चौक क्षेत्र के बाजार का अवलोकन कर हस्तशिल्प से जुड़ी सामग्री को निहारा।

# काठियावाड़ी गधों की एक लाख रुपये तक लगी बोली, दुवान और जवान गंधे की क्या है पहचान???



24 न्यूज अपडेट

पुणे। महाराष्ट्र के जेजुरी कस्बे में पौष पूर्णिमा पर गधा बाजार में देश भर से गधे आए। कुलदेवता खंडोबा भगवान को समर्पित जेजुरी कस्बे में पौष पूर्णिमा पर भक्तों का तांता लगा। बताया गया कि यह 500 साल पुराना मेला है यहां पर अनोखे गधा बाजार में लोग बढ चढकर हिस्सा लेते हैं। इस बार गुजरात के काठियावाड़ी के गधों की डिमांड जबर्दस्त है। काठियावाड़ी गधों की कीमत 50,000 से एक लाख रुपये तक है। स्थानीय गधों की कीमत 25 हजार से 50 हजार रुपए तक जा रही है। बताया गया है कि इस साल बाजार में गधों की संख्या कम थी. इस वजह से भी गधों को अच्छा दाम मिला। व्यापारियों ने बताया कि दांत और उम्र के हिसाब से गधों में अंतर करते हैं। दो दांत वाले गधे को 'दुवान' माना जाता है, जबकि चार दांत वाले गधे को 'जवान' कहा जाता है। चार दांत वाले गधे को अच्छा दाम मिलता है। ज्यादातर व्यापारियों के लिए गधे न केवल व्यापार का प्रतीक हैं बल्कि आस्था से भी जुड़े हैं. यह व्यवसाय भगवान खंडोबा के नाम पर आस्था के आधार पर किया जाता है और इसके लिए कोई लिखित दस्तावेज या समझौते नहीं होते हैं. ज्यादातर लोग सिर्फ भगवान खंडोबा पर विश्वास करते हैं और व्यवसाय में पैसे लगाते हैं. इनमें से ज्यादार गधों का इस्तेमाल ईंट भट्ठों से निर्माण सामग्री ले जाने के लिए किया जाता है।

# मुहूर्त से पहले कर दिया कार का मुहूर्त, पूजा से पहले एक्सीलेटर दबा दिया और....



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। कोटड़ी थाना इलाके के श्याम मंदिर के बाहर कल हादसा हुआ। दोपहर 1.30 बजे मुहूर्त के लिए आई ईको वैन ने एक व्यक्ति को उडा दिया। हादसे में युवक बाल-बाल बच गया। बताया गया कि 15 जनवरी को नई ईको वैन का मालिक पूजा के लिए गाड़ी को धार्मिक स्थल कोटड़ी श्याम मंदिर ले गया। कार को मंदिर के गेट के पास पार्क कर दिया। वैन की मुहूर्त पूजा के लिए इंतजार हो रहा था। कार में बैठे ड्राइवर ने अचानक ही ब्रेक लगाने की जगह एक्सीलेटर को दबा दिया। कार अचानक वहां पर मौजूद एक आदमी को उड़ाते हुए केबिन में जा घुसी। कार का हादसे में हुलिया भी बिगड गया।

# बीमा कंपनी का माना सेवा दोष

## बीमा क्लेम राशि 33 लाख देने के आदेश

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 16 जनवरी। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की उदयपुर सर्किट बैंच ने गुरूवार को अपने एक निर्णय में मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को बीमा क्लेम के 33 लाख रुपये बीमित की पत्नी को अदा करने के आदेश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार राजसमंद की भीम तहसील के चौनपुरा बाडिया गांव निवासी महावीर सिंह ने मैक्स लाईफ इंश्योरेंस कंपनी से सुपर लाईफ प्रीमियर प्लान के तहत बीमा करवाया था। इसमें बीमित का 30 लाख रुपए का बीमा था। बीमा करवाने के बाद 25 दिनों में बीमित महावीर सिंह की मृत्यु हो गई। बाद में महावीर सिंह की पत्नी श्रीमती लहरी रावत ने बीमा कंपनी में क्लेम प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी द्वारा यह कहकर क्लेम खारिज कर दिया कि बीमित व्यक्ति ने बीमा लेते वक्त अपने रोग सिलिकोसिस को छुपाया था। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राजसमन्द ने भी बीमित व्यक्ति का क्लेम खारिज किये जाने को उचित ठहराया था। राज्य आयोग के सदस्य एस०के० जैन एवं शैलेन्द्र भट्ट ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए पाया कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा पॉलिसी लेते समय जो प्रस्ताव पत्र भरा जाता है, वह प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे यह ज्ञात हो सके कि मृतक को क्या प्रश्न पूछे गये थे व उसने क्या उत्तर दिये थे। इस प्रकार बीमा कंपनी यह प्रमाणित नहीं कर सकी कि मृतक ने कोई तथ्य छुपाये थे। राज्य आयोग ने राजसमन्द उपभोक्ता आयोग के निर्णय को रद्द कर बीमा कंपनी को सम्पूर्ण बीमाधन 30 लाख रूपये मय ब्याज के अदा करने के आदेश दिए। साथ ही 25 हजार रूपए देने के आदेश दिये।

# 14 लाख फार्म आए, दो दिन हो सकता है रीट एग्जाम, 41 जिला मुख्यालय पर होगी परीक्षा



राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET) – 2024
RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS (REET)-2024
(माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर)
राजीव गाँधी विद्या भवन, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कॉलोनी, सिविल लाइन्स, अजमेर–305001
Website : http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक REET-2024
Email ID : rajreetbser2024@gmail.com
फोन नं. (0145) 2630436, 2630437

विज्ञप्ति संख्या : 01/2024 दिनांक 12.12.2024

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)–2024" के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। यह परीक्षा म्न वर्णित कार्यक्रम अनुसार निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

| | |
|---|---|
| ऑन–लाईन आवेदन पत्र भरने की दिनांक | दिनांक 16.12.2024 से 15.01.2025 (रात्रि 12.00 बजे तक) |
| चालान मुद्रित कर निर्धारित बैंक/ ई–मित्र पर शुल्क जमा कराने की आरम्भ एवं अन्तिम दिनांक | दिनांक 16.12.2024 से 15.01.2025. तक |
| वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की संभावित दिनांक | 19.02.2025 सायं 4 बजे से |
| परीक्षा दिनांक | **दिनांक 27.02.2025 (गुरूवार) (आवेदकों की संख्या एवं परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता के दृष्टिगत परीक्षा का आयोजन आगे की तिथियों को भी रखा जा सकता है)** |

**ऑन–लाईन आवेदन प्रक्रिया** :– राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2024 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक REET-2024 पर निर्धारित तिथियों तक ऑन–लाईन भरे जाएंगे। आवेदन हेतु अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे। ऑन–लाईन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। अभ्यर्थी को सर्वप्रथम नाम, पिता का नाम, माता का नाम, परीक्षा का लेवल (Level) एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर सम्बन्धित ई–मित्र/बैंक/ऑन–लाईन भुगतान का चुनाव कर परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। ई–मित्र/बैंक से शुल्क का सत्यापन (Verification) होने के पश्चात ही अभ्यर्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगा। शुल्क का सत्यापन वेबसाईट पर चालान नम्बर अंकित कर जाना जा सकेगा।

24 न्यूज अपडेट

अजमेर। राजस्थान की सबसे बड़ी परीक्षा रीट-2024 परीक्षा के फार्म की लास्ट डेट कल बीत गई। परीक्षा 27 फरवरी को प्रस्तावित है। इस बार रीट के लिए 14 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स ने फार्म भरे हैं। इस बार भी दो दिन परीक्षा हो सकती है। पिछली बार रीट 33 जिला मुख्यालय पर हुई थी। इस बार रीट 41 जिला मुख्यालय पर होगी व नए सेंटर बनेंगे। बोर्ड के सचिव व परीक्षा के समन्वयक कैलाश चन्द शर्मा ने मीडिया से कहा कि अंतिम दिन तक 14 लाख से ज्यादा आवेदन आए। लेवल वन के लिए 346009, लेवल 2 के लिए 966738 और दोनों लेवल में 114501 आवेदन है। इस बार 33 जिलों के बजाय 41 जिलों में परीक्षा होगी। अगर जरूरत पड़ती है तो परीक्षा दो दिन करने पर भी विचार किया जा सकता है लेकिन फिलहाल यह तय नहीं है। इसका निर्णय उच्च स्तर पर होगा। इधर विज्ञापन जारी करके कहा गया है कि रीट-2024 के तहत जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन की अंतिम तारीख 15 जनवरी तक चालान जनरेट कर परीक्षा शुल्क जमा करा दिया लेकिन आवेदन पत्र नहीं भरा या आवेदन पत्र सबमिट कर प्रिंट नहीं लिया है। ऐसे अभ्यर्थियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 17 जनवरी से 19 जनवरी रात 12 बजे तक आवेदन पत्र भरने या सबमिट कर प्रिन्ट लेने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने राज्य सरकार सरकार की ओर से निरस्त किए गए 9 जिलों में परीक्षा केन्द्र प्राथमिकता से भर दिए हैं, वे अपने परीक्षा केन्द्र की प्राथमिकता में निशुल्क संशोधन 17 जनवरी से 19 जनवरी तक कर सकते है।

# कानोड़ एवं मावली उपकारागृह का औचक निरीक्षण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 16 जनवरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा ने गुरूवार को कानोड़ एवं मावली उपकारागृह का औचक निरीक्षण किया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के निर्देशों के क्रम में सचिव श्री शर्मा ने उप कारागृह कानोड़ एवम मावली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, चिकित्सा, भोजन, नाश्ते, मुलाकात इत्यादि की जानकारी ली गई। बंदीजन को एल.ए.डी.सी.एस योजना के बारे में भी जागरूक किया गया।

# सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए मनीष का राजस्थान टीम में चयन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 16 जनवरी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीला खेड़ा की कक्षा 12वीं के छात्र मनीष का 68वीं राष्ट्रीय 19 वर्ष छात्र सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में चयन हुआ है। विद्यालय के संस्था प्रधान श्रीमती तरुण प्रभात शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रशिक्षण शिविर मूंडरू नीमकाथाना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम में चयन हुआ है। स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कमलेश शर्मा से मनीष निरंतर 6 वर्ष से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।




24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।